भारत सरकार
सूचना और प्रसारण मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1143
(दिनांक 22.11.2019 को उत्तर देने के लिए)

निःशुल्क डीटीएच के उपभोक्ता

1143. श्री रविन्दर कुशवाहाः
श्री रामदास तडसः
डॉ॰ उमेश जी॰ जाधव
श्री संगम लाल गुप्ताः
श्री सी॰पी॰ जोशीः

क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या दूरदर्शन की निःशुल्क डीटीएच सेवा के उपभोक्ताओं की संख्या प्रभार भुगतान पर निजी ढंग से सेवा प्राप्त करने वाले उपभोक्ताओं की तुलना में काफी कम है;

(ख) यदि हां, तो दूरदर्शन की निःशुल्क डीटीएच सेवा को लोगों द्वारा प्राथमिकता नहीं दिए जाने के क्या कारण हैं;

(ग) सरकार द्वारा दूरदर्शन की निःशुल्क डीटीएच सेवा के प्रयोग हेतु उपभोक्ताओं को आकर्षित करने के लिए किए जा रहे प्रयासों का ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या इस प्रयोजन हेतु कोई मानक निर्धारित किए गए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन; सूचना और प्रसारण तथा भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री
(श्री प्रकाश जावडेकर)

(**क**) **और (ख)**: प्रसार भारती ने सूचित किया है कि केपीएमजी - भारतीय मीडिया और मनोरंजन रिपोर्ट 2019 और अप्रैल-जून, 2019 की अवधि के लिए भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) के कार्यनिष्पादन सूचक के अनुसार दूरदर्शन की डीडी फ्री डिश के नाम से डायरेक्ट-टू-होम सेवा का सबसे बड़ा उपभोक्ता आधार है। निजी डीटीएच सेवा के विपरीत "डीडी फ्री डिश" उपभोक्ता के लिए निशुल्क सेवा है। इन रिपोर्टों के अनुसार, देश में लगभग **33** मिलियन घरों में डीडी फ्री डिश की पहुंच है जबकि चार प्राइवेट डीटीएच ऑपरेटरों (टाटा स्काई, डिश टीवी, एयरटेल और सन) की पहुंच कुल मिलाकर 67 मिलियन घरों तक है।

(ग) और (घ): प्रसार भारती ने ये भी सूचित किया है कि डीडी फ्री डिश के सेवा समूह को समृद्ध बनाने के लिए क्षेत्रीय चैनलों सहित सभी विधाओं के चैनलों तथा साथ ही विदेशी लोक सेवा प्रसारणकर्ताओं के प्रतिनिधित्व पर बल देते हुए दिनांक 15 जनवरी, 2019 को प्रसार भारती द्वारा डीडी फ्री डिश के लिए नई नीति को अधिसूचित किया गया है। इस नई नीति के आधार पर, डीडी फ्री डिश पर दिखाए जाने वाले प्राइवेट चैनलो का चयन पारदर्शी ई-नीलामी प्रक्रिया के माध्यम से किया जाता है।

अधिक घरों को आकर्षित करने के लिए डीडी अधिकृत सेट-टॉप-बॉक्सों (एसटीबी) को बढ़ावा दिया जा रहा है।

******